# विश्व कुष्ठ रोग दिवस

## प्रिलिम्स के लिये:

विश्व कुष्ठ रोग दिवस, कुष्ठ रोग, महात्मा गांधी, राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (NSP) और कुष्ठ रोग के लिये रोडमैप, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (NLEP)

## मेन्स के लिये:

स्वास्थ्य, कुष्ठ रोग और संबंधित सामाजिक लांछन (Social Stigma) से संबंधित पहल।

**स्रोत: पी.आई.बी.**

## चर्चा में क्यों?

विश्व कुष्ठ रोग दिवस (World Leprosy Day) **प्रतिवर्ष जनवरी के आखिरी रविवार** को मनाया जाता है। भारत में यह प्रतिवर्ष **30 जनवरी** को महात्मा गांधी की **पुण्य तिथि** के साथ मनाया जाता है।

## विश्व कुष्ठ दिवस मनाने का उद्देश्य क्या है?

- **विश्व कुष्ठ दिवस 2024 का विषय "बीट लेप्रोसी" है। यह विषय इस दिन के दोहरे उद्देश्यों को समाहित करता है:** कुष्ठ रोग **से जुड़े** ***?????? ?? ????? (stigma)*** **को मिटाना और रोग से प्रभावित लोगों की गरिमा को बढ़ावा देना।**
- इस दिन का प्राथमिक उद्देश्य कुष्ठ रोग से जुड़े *?????? ?? ?????* के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना है।
- लोगों को यह शिक्षित करना कि **कुष्ठ रोग एक विशिष्ट बैक्टीरिया के कारण होता है** और इसका इलाज आसानी से किया जा सकता है, यह जागरूकता अभियान का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

## कुष्ठ रोग क्या है?

- **परिचय:**
  - **कुष्ठ रोग, जिसे हैनसेन रोग** के नाम से भी जाना जाता है, एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है जो **"माइकोबैक्टीरियम लेप्री (Mycobacterium lepra)"** नामक बैक्टीरिया के कारण होता है।
  - यह रोग **त्वचा, परिधीय तंत्रिकाओं, ऊपरी श्वसन पथ की श्लैष्मिक सतहों** और **आँखों** को प्रभावित करता है।
  - यह ज्ञात है कि कुष्ठ रोग **बचपन से लेकर बुढ़ापे तक** सभी उम्र में होता है।
  - कुष्ठ रोग आनुवंशिक नहीं होता है, लेकिन यह अनुपचारित रूप से निकटता और लगातार संपर्क के दौरान, **नाक तथा मुँह से बूंदों (droplets)** के माध्यम से फैलता है।

//




- **वर्गीकरण:**
  - **पॉसिबैसिलरी (PB)** और **मल्टीबैसिलरी (MB)** कुष्ठ रोग के वर्गीकरण हैं।
    - PB कुष्ठ रोग में सभी **स्मीयर-नकारात्मक मामले (छोटे जीवाणु भार)** शामिल हैं, जबकि MB कुष्ठ रोग में सभी **स्मीयर-पॉजिटिव (स्मीयर-नकारात्मक PTB की तुलना में अधिक संक्रामक) मामले शामिल** हैं।
- **उपचार:**
  - **कुष्ठ रोग का इलाज संभव है और शुरुआती चरणों में उपचार से दिव्यांगता को** रोका जा सकता है।
    - वर्तमान में अनुशंसित उपचार आहार में तीन दवाएँ शामिल हैं: **डैपसोन, रिफैम्पिन और क्लोफाज़िमिन**। इस संयोजन को मल्टी-ड्रग थेरेपी (MDT) कहा जाता है।
    - MDT को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के माध्यम से वर्ष 1995 से दुनिया भर के सभी रोगियों के लिये निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है।
- **कुष्ठ रोग का वैश्विक बोझ:**
  - कुष्ठ रोग उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग **(Neglected Tropical Disease- NTD)** है जिससे अब भी 120 से अधिक देश प्रभावित हैं और प्रत्येक वर्ष इस रोग के 2,00,000 से अधिक नए मामले सामने आते हैं।
  - वर्ष 2022 में, **182 देशों में कुष्ठ रोग के 1.65 लाख से अधिक मामले सामने** आए, जिनमें 174,087 नए मामले शामिल हैं।
  - WHO के अनुसार, कुष्ठ रोग के नए मामलों की उच्च दर वाले अधिकांश देश **WHO अफ्रीकी और दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रों में** हैं।
- **भारत और कुष्ठ रोग:**
  - भारत ने **वर्ष 2005 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रति 10,000 जनसंख्या पर 1 मामले से भी कम WHO मानदंड के अनुसार कुष्ठ रोग को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या** के रूप में समाप्त करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

        - **कुष्ठ रोग भारत के कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों** में स्थानिक है।
    - देश में कुष्ठ रोग की व्यापकता दर प्रति 10,000 जनसंख्या पर 0.4 है।
- **की गई पहल:**
    - **वैश्विक:**
        - **वैश्विक कुष्ठ रोग रणनीति:**
            - वर्ष **2016 में WHO** ने **वैश्विक कुष्ठ रोग रणनीति 2016-2020** लॉन्च की, जिसका उद्देश्य **कुष्ठ रोग को नियंत्रित करने** और विशेष रूप से स्थानिक देशों में इस बीमारी से प्रभावित बच्चों में, **विकलांगता को रोकने के प्रयासों** को फिर से मज़बूत करना है।
        - **शून्य कुष्ठ रोग के लिये वैश्विक भागीदारी (GPZL):**
            - शून्य कुष्ठ रोग के लिये वैश्विक भागीदारी (GPZL) कुष्ठ रोग को समाप्त करने हेतु **प्रतिबद्ध व्यक्तियों और संगठनों का एक गठबंधन** है।
        - **विश्व कुष्ठ रोग दिवस।**
    - **भारत:**
        - **राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (NSP) और कुष्ठ रोग के लिये रोडमैप (2023-27):**
            - इसे **वर्ष 2027 तक** यानी सतत विकास लक्ष्य (SDG) **3.3 से तीन वर्ष पहले** कुष्ठ रोग के शून्य संचरण को प्राप्त करने के लिये लॉन्च किया गया है।
                - SDG 3.3 का लक्ष्य वर्ष 2030 तक **AIDS**, क्षय रोग, मलेरिया तथा **उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों** की महामारी की रोकथाम एवं हेपेटाइटिस, जल-जनित रोगों व अन्य संचारी रोगों का समाधान करना है।
        - **राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (NLEP):**
            - NLEP वर्ष **1983 में शुरू की गई** एक **केंद्र प्रायोजित स्वास्थ्य योजना** है तथा इसका उद्देश्य **रोग के प्रभाव को कम करने, दिव्यांगता की रोकथाम एवं कुष्ठ रोग व इसके उपचार के बारे में जनता को जागरूक करना** है।

## उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (NTD)

- NTD विभिन्न प्रकार के रोगजनकों (वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी, कवक **और टॉक्सिन** सहित) के कारण होने वाली संक्रमणों का एक समूह है जिसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य प्रभावित होता है तथा साथ ही इसके सामाजिक एवं आर्थिक परिणाम भी हैं।
- NTD अफ्रीका, एशिया और अमेरिका के विकासशील क्षेत्रों में हाशिए पर रहने वाले समुदायों में सबसे आम है।
- अनुमान के अनुसार **1 अरब से अधिक लोग NTD से प्रभावित** हैं जबकि NTD हस्तक्षेप (निवारक और उपचारात्मक दोनों) की आवश्यकता वाले लोगों की संख्या 1.6 अरब है।
- NTD के कुछ उदाहरणों में बुरुली अल्सर, चगास रोग, डेंगू, चिकनगुनिया तथा लसीका फाइलेरिया शामिल हैं।



## महात्मा गांधी की पुण्य तिथि 2024

- **महात्मा गांधी की पुण्य तिथि 30 जनवरी** है जिनकी वर्ष 1948 में नाथूराम गोडसे ने हत्या कर दी थी।
- **कुष्ठ रोग के लिये गांधीजी के अभियान ने असंख्य कुष्ठ रोगियों की जान बचाई** तथा भारत में उनकी स्थिति में सुधार किया।

# मोहनदास करमचंद गांधी



## संक्षिप्त परिचय

- **जन्मः** **2** अक्तूबर, **1869**; पोरबंदर (गुजरात).
  - **2** अक्तूबर को **अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस** के रूप में मनाया जाता है।
- **प्रोफाइलः** वकील, राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्त्ता, लेखक तथा राष्ट्रवादी आंदोलनों के नेतृत्वकर्त्ता।
  - राष्ट्रपिता (सबसे पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इस नाम से संबोधित किया)।
- **विचारधाराः** अहिंसा, सत्य, ईमानदारी, प्रकृति की देखभाल, करुणा, दलितों के कल्याण आदि के विचारों में विश्वास करते थे।
- **राजनीतिक गुरुः** गोपाल कृष्ण गोखले
- **मृत्युः** नाथूराम गोडसे द्वारा गोली मारकर हत्या (**30 जनवरी**, **1948**)।
  - **30** जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- नोबेल शांति पुरस्कार के लिये पाँच बार नामित किया गया।



## दक्षिण अफ्रीका में गांधी (1893–1915)

- नस्लवादी शासन (मूल अफ्रीकी और भारतीयों के साथ भेदभाव) के खिलाफ सत्याग्रह।
  - दक्षिण अफ्रीका से उनकी वापसी के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष **9** जनवरी को **प्रवासी भारतीय दिवस (PBD)** मनाया जाता है।

## भारत के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान

- छोटे पैमाने के विभिन्न आंदोलन जैसे- चंपारण सत्याग्रह **(1917)**, प्रथम सविनय अवज्ञा, अहमदाबाद मिल हड़ताल (1918)- पहली भूख हड़ताल और खेड़ा सत्याग्रह **(1918)**- पहला असहयोग।
- **राष्ट्रव्यापी जन आंदोलनः** रॉलेट एक्ट के खिलाफ **(1919)**, असहयोग आंदोलन **(1920-22)**, सविनय अवज्ञा आंदोलन **(1930&34)**, भारत छोड़ो आंदोलन **(1942)**।
- **गांधी-इरविन समझौता (1931):** गांधी और लॉर्ड इरविन के बीच जिसने सविनय अवज्ञा की अवधि के अंत को चिह्नित किया।
- **पूना पैक्ट (1932):** गांधी और **बी.आर. अंबेडकर** के बीच; इसने वंचित वर्गों के लिये अलग निर्वाचक मंडल के विचार को छोड़ दिया (सांप्रदायिक पंचाट)।

## पुस्तकें

हिंद स्वराज, माय एक्सपेरिमेंट विथ ट्रुथ (आत्मकथा)

## साप्ताहिक पत्रिकाएँ

हरिजन, नवजीवन, यंग इंडिया, इंडियन ओपिनियन

## गांधी शांति पुरस्कार

भारत द्वारा गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन के लिये दिया जाता है।

## उद्धरण

- **"खुशी तब मिलेगी जब आप जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, सामंजस्य में हों।"**
- **"कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता, क्षमा करना शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है।"**
- **"आपको मानवता में विश्वास नहीं खोना चाहिये। मानवता सागर के समान है; यदि सागर की कुछ बूँदें गंदी हैं, तो पूरा सागर गंदा नहीं हो जाता।"**

DRISHTI IAS

और पढ़ें...[शहीद दविस]

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. भारत में 'सभी के लयि स्वास्थ्य' प्राप्त करने हेतु समुचति स्थानीय सामुदायकि स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल का मध्यक्षेप एक पूर्वापेक्षा है। व्याख्या कीजयि। (2018)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-leprosy-day-1